Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005
Participants : Yadav Shri Ram Kripal,Kumar Shri Shailendra,Modi Shri Sushil Kumar,Yadav Shri Devendra Prasad

Title : Need to include Kamlapuri Vaisya caste into the list of backward class category.

श्री राम कृपाल यादव उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि कमलापुरी वैश्य जाति राट्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में सूचीबद्ध होने के लिए काफी समय से प्रयत्नशील है। पिछली लोक सभा में भी कई बार यह मामला उठा था मगर दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक इस पर कोई विचार नहीं किया गया है। केन्द्र सरकार इस पर सकारात्मक रुख अख्तियार नहीं कर रही है। अभी तक कमलापुरी वैश्य जाति को राट्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल नहीं किया गया है जबकि बिहार राज्य इस जाति को पिछड़ा वर्ग सूची के एनैक्सर 2 में 1978 में ही सूचीबद्ध कर चुका है। पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रथम अध्यक्ष न्यायमूर्ति रामानन्द प्रसाद ने 1996 में ही अनुशंसा की थी जो अभी बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग की सूची के एनैक्सर 2 के क्रम संख्या 86 पर है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि अभी तक इस पर सरकार कोई सकारात्मक रवैया अख्तियार नहीं कर रही है। कमलापुरी वैश्य जाति जो देश में शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ी हुई है, यदि उसे पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कर लिया जाता है तो निश्चित तौर पर यह जाति आगे बढ़ सकती थी मगर दुर्भाग्यवश अभी तक ऐसा नहीं किया गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से ि वनम्र निवेदन होगा कि यथाशीघ्र कमलापुरी वैश्य जाति को राट्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में सूचीबद्ध करें ताकि आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के जो लोग हैं, उनको आगे बढ़ने का मौका मिले। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए। आपका पॉइंट आ गया है।

श्री राम कृपाल यादव : पॉइंट तो आ गया है मगर सरकार इस पर कोई रिस्पॉन्ड नहीं कर रही है। ...(व्यवधान)

श्री सुशील कुमार मोदी : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस पर असोसियेट करता हूं।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव हम भी असोसियेट करते हैं। ...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैं भी असोसियेट करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : जिन माननीय सदस्यों ने असोसियेट करना है, वे लिखकर भेज दें।